# समस्तीपुर जिला

सत्यमेव जयते

## उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग

### दुकानों की बिक्री अधिसूचना

**वर्ष : 2015–16**

फारम–127

"कृपया देखें पाराग्राफ–88"

# बिक्री अधिसूचना

**वितीय वर्ष 2015–16 (1ली अप्रैल 2015 से 31 मार्च 2016 तक) (देशी/मसालेदार देशी शराब, विदेशी शराब तथा कम्पोजिट शराब दुकानों की खुदरा बिकी के लिए)**

1. इसके साथ संलग्न सूची में अंकित स्थानों या अवस्थिति के क्षेत्रों के लिए देशी/मसालेदार देशी शराब, विदेशी शराब तथा कम्पोजिट शराब की खुदरा दुकानों की बन्दोवस्ती **दिनांक 14.03.2015** को तथा आवश्यकतानुसार उसके अगले **दिन 10.00 बजे दिन से समाहरणालय, सभाकक्ष** में लॉटरी प्रणाली द्वारा निर्धारित फीस पर बन्दोवस्ती की जायेगी।

2. लॉटरी द्वारा दुकानों की बन्दोवस्ती निम्नांकित शर्तो के अधीन होगी और इन सभी शर्तो से अपने को प्रतिबद्ध रखते हुए ही कोई व्यक्ति बन्दोवस्ती में भाग ले सकता है।

3. लॉटरी द्वारा बन्दोवस्त होने वाली देशी/मसालेदार देशी शराब, विदेशी शराब तथा कम्पोजिट शराब की दुकानों की अवस्थिति के मामले में दुकान के स्थान या स्थान के नाम के बदले एक या अनेक दुकानों की अवस्थिति का क्षेत्र घोषित कर बन्दोवस्ती की जायेगी।

4.(क) सभी प्रकार के शराब के खुदरा दुकानों को लॉटरी प्रणाली द्वारा मूल रूप से दुकानवार बन्दोवस्त किया जायेगा लेकिन राजस्व हित में अधिकाधिक दुकानों की बन्दोवस्ती के प्रयोजनार्थ उत्पाद दुकानों की बन्दोवस्ती एकल दुकान या अधिकतम 03 (तीन) खुदरा उत्पाद दुकानों का समूह बनाकर वर्तमान नीति के प्रावधानों के तहत लॉटरी द्वारा बन्दोवस्त किया जायेगा। छोटा समूह अधिकतम तीन दुकानों का इस प्रकार बनाया जायेगा जिसमें, लाभकर दुकानों के साथ अपेक्षाकृत कम लाभ वाले दुकानें भी रहेंगी।

दुकानों के प्रत्येक समूह (एकल दुकान के समूह सहित) के लिए तीन व्यक्तियों का नाम लॉटरी द्वारा निकाला जायेगा। लॉटरी द्वारा निकाले गये प्रथम नाम के साथ ही दुकान की बन्दोवस्ती की जायेगी। यदि किसी कारण से प्रथम व्यक्ति के साथ बन्दोवस्त नहीं हो सके या बन्दोवस्ती के बाद भी यदि अनुज्ञप्ति विखंडित हो जाती है तो उक्त समूह (एकल दुकान के समूह सहित) के दुकान के लिए चयनित दूसरे लॉटरी विजेता तथा उसके मुकर जाने के उपरान्त तीसरे लॉटरी विजेता के साथ बन्दोवस्ती की जायेगी।

यदि लॉटरी विजेता दुकान/दुकानों के समूह की बन्दोवस्ती लेने से मुकर जाता है तो वह राज्य के किसी भी दुकान की बन्दोवस्ती लेने से निरर्हित हो जायेगा।

(ख) किसी जिला में चयनित आवेदक के साथ तीन समूह के दुकानों से अधिक दुकानों की बन्दोवस्ती नहीं की जायेगी तथा एकल दुकान बन्दोवस्त होने की स्थिति में भी एक दुकान को एक समूह माना जायेगा।

(ग) किसी दुकान या दुकानों के समूह के लिए तीन से कम अभ्यर्थी होने की स्थिति में उपलब्ध अभ्यर्थियों के बीच ही लॉटरी द्वारा बन्दोवस्ती की कार्रवाई की जायेगी।

5. इस बिक्री अधिसूचना में वर्णित शर्तें अनुज्ञप्ति की भी शर्तें मानी जायेगी। बिक्री अधिसूचना के प्रपत्र की प्रतिलिपि समाहर्त्ता के कार्यालय/विभाग के बेबसाईट www.excise-bihar.gov.in पर देखी जा सकती है।

6.(क) लॉटरी द्वारा बन्दोवस्त खुदरा दुकानों की अनुज्ञप्ति 1ली अप्रैल 2015 से प्रभावी होगी जो 31 मार्च, 2016 तक के लिए प्रदान की जायेगी। किसी अनुज्ञप्ति की बन्दोवस्ती अगर वर्ष 2015–16 के बीच में किसी अन्य तिथि के प्रभाव से की जाती है तब भी बन्दोवस्ती की तिथि से 31 मार्च 2016 तक के लिए ही अनुज्ञप्ति प्रदान की जायेगी।

(ख) अनुवर्ती वर्ष के लिए अनुज्ञप्ति नवीकरण सरकार द्वारा निर्धारित बंधेज एवं शर्तों पर की जा सकती है, परन्तु दो उत्पाद वर्ष जो दिनांक 31 मार्च 2017 को समाप्त होगी, उससे अधिक अवधि के लिए अनुज्ञप्ति नहीं दी जायेगी।

7.(क) लॉटरी द्वारा खुदरा उत्पाद दुकानों की बन्दोवस्ती लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी (आवेदक) को अपने आवेदन के साथ वैयक्तिक पहचान–प्रमाण (आइडेंटिटी प्रुफ) के रूप में स्थायी निवास के प्रमाण के लिए फोटोयुक्त पहचान–पत्र जैसे मतदाता परिचय–पत्र, पासपोर्ट, आयकर स्थायी खाता संख्या एवं ड्राईविंग लाईसेंस में से किसी एक प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि समर्पित करने की अनिवार्यता होगी तथा यदि किसी कारणवश फोटो युक्त पहचान–पत्र की छायाप्रति आवेदन के साथ संलग्न कर नहीं समर्पित की जाती है तो किसी राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित फोटो तथा राज्य के सक्षम पदाधिकारी द्वारा जारी राशन कार्ड, निवास प्रमाण–पत्र, जल/टेलिफोन/बिजली बिल, बैंक का जीवित खाता स्टेंटमेंट इनमें से किसी एक प्रमाण–पत्र की सत्यापित प्रतिलिपि संलग्न करने की अनिवार्यता होगी।

लॉटरी प्रणाली द्वारा बन्दोवस्त की जानेवाली खुदरा देशी शराब/मसालेदार देशी शराब दुकानें, भारत निर्मित विदेशी शराब की दुकानें तथा कम्पोजिट शराब की दुकानों की बन्दोवस्ती लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति एक या एक से अधिक दुकान या एक से अधिक समूह की दुकानों के लिए भी आवेदन दे सकता है। वशर्ते सभी दुकानों एवं समुह के दुकानों जिसके लिए आवेदन देगा, उस पर

विभाग द्वारा निर्धारित अलग–अलग आवेदन शुल्क (प्रोसेसिंग फी) जमा करना होगा जो उन्हें वापस लौटाई नहीं जायेगी। परन्तु, अधिकतम तीन समूह के दुकानों से अधिक दुकानों की बन्दोवस्ती एक जिले में एक व्यक्ति के साथ नहीं की जायेगी तथा एकल दुकान बन्दोवस्त होने की स्थिति में भी एक दुकान को एक समूह माना जायेगा।

(ख) लॉटरी द्वारा बन्दोवस्त की जानेवाली उत्पाद खुदरा दुकानों के लिए प्रत्येक इच्छुक आवेदकों से दुकानों को दो श्रेणी में विभक्त कर यथा हाई पोटेंशियल जोन एवं लो पोटेंशियल जोन के आधार पर समर्पित की जानेवाली आवेदन के साथ दुकानवार निर्धारित आवेदन शुल्क की राशि, जो वापसी योग्य नहीं है, को एकीकृत कर "हाई पोटेंशियल जोन" के लिए निर्धारित श्रेणीवार दुकानों के लिए निर्धारित किये गये आवेदन शुल्क की राशि ही निम्नवत निर्धारित दर से आवेदन शुल्क की राशि के रूप में देय होगा।

| **क्षेत्र का नाम** | **हाई पोटेंशियल तथा लो पोटेंशियल जोन के लिए** |
|---|---|
| पटना नगर निगम क्षेत्र में अवस्थित | रू0 7000.00 (सात हजार) |
| अन्य नगर निगम क्षेत्र के लिए | रू0 5000.00 (पाँच हजार) |
| नगर परिषद् के लिए | रू0 4000.00 (चार हजार) |
| नगर पंचायत क्षेत्र के लिए | रू0 3000.00 (तीन हजार) |
| प्रखंड मुख्यालय (जो उपर्युक्त क्षेत्रों से भिन्न हो) | रू0 3000.00 (तीन हजार) |
| अन्य ग्रामीण क्षेत्र | रू0 2000.00 (दो हजार) |

छोटे समूह में उत्पाद दुकानों की बन्दोवस्ती लेनेवाले इच्छुक आवेदकों से आवेदन शुल्क की राशि समूह के प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग निर्धारित दर पर ही जमा करायी जाएगी, न कि समूह के दुकानों को एक दुकान मानकर उन्हें समूह के दुकान के लिए एक दुकान या आवेदन शुल्क जमा करने की छूट दी जायगी।

अभ्यर्थी राज्य के किसी भी जिला में अवस्थित किसी भी दुकान के लिए आवेदन दे सकते हैं यदि वे चाहें तो जिस जिला में वे रहते हैं वहाँ के सहायक आयुक्त उत्पाद/अधीक्षक उत्पाद के कार्यालय से बाहर के जिला में अवस्थित दुकानों के लिए भी आवेदन दे सकते हैं परन्तु ऐसे अभ्यर्थियों को आवेदन फीस बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक के माध्यम से समर्पित करना होगा जो उस जिला में भुगतेय होगा जिस जिला की दुकान के लिए वह आवेदन देगा।

8. बन्दोवस्ती में किसी भी आवेदक के विरूद्ध निम्नांकित कोई अयोग्यता पाये जाने पर उसके आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा :–

(क) अगर वह 21 वर्ष से कम आयु का हो,
(ख) वह सरकारी बकायेदार हो।
(ग) आवेदक का नाम उत्पाद बकायेदार की सूची या काली सूची में हो।
(ध) अगर वह दिवालिया (इंनसोलवेंट) हो।

आवेदक को उपरोक्त अयोग्यता नहीं रहने के समर्थन में निम्नांकित आशय का शपथ पत्र अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(i) उस पर कोई सरकारी देयता अथवा बकाया नहीं है।
(ii) उसका नाम उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की बकाया अथवा काली सूची में नहीं हैं
(iii) उसे बिहार उत्पाद अधिनियम, 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये किसी नियम के प्रावधानों के अधीन उत्पाद अनुज्ञप्ति धारण करने से न तो वर्जित किया गया है और न किसी भी अन्य राज्य से तत्संबंधी प्रावधानों के अन्तर्गत अनुज्ञप्ति धारण करने से वर्जित किया गया है तथा उसका नाम अन्य राज्यों की बकाया एवं काली सूची में नहीं है।
(iv) उसका नैतिक चरित्र अच्छा है और उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है तथा उसके बिहार उत्पाद अधिनियम 1915, स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 या किसी संज्ञेय एवं गैर जमानतीय अपराध में दंडित किये जाने की स्थिति में वह एक वर्ष से अधिक की करावास–अवधि का सजायफ्ता नहीं है ; और
(v) यह अन्डरटेकिंग कि उसके अनुज्ञाधारी के रूप में चयनित हो जाने की दशा में, राज्य के जिन–जिन जिलों में पूर्व में वह लाईसेन्सी रहा है, उन जिलों से बकायादार/काली सूची में सम्मिलित नहीं होने से संबंधित प्रमाण पत्र लाइसेंस जारी होने के 60 (साठ) दिनों के भीतर यदि उसके द्वारा लाइसेंसिंग पदाधिकारी को प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो लाईसेंसिंग पदाधिकारी उसकी अनुज्ञप्ति को निरस्त/विखंडित कर सकेगा।

9. बन्दोवस्ती में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपनी पात्रता के पक्ष में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन के साथ सभी परिपूर्ण अभिलेख बन्दोवस्ती के दिन को छोड़कर पाँच दिन पूर्व जिला उत्पाद कार्यालय में जमा करेगा तथा उसकी प्राप्ति रसीद लेगा। आवेदन के साथ निम्नांकित कागजात (आवेदन शुल्क की राशि सहित) समर्पित करने की अनिवार्यता होगी :

(क) एकल दुकान या समूह की दुकानों, जिसके लिए वे आवेदन देना चाहते हैं, उसके लिए अलग–अलग दर पर निर्धारित आवेदन शुल्क की राशि नगद, बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक द्वारा,
(ख) शपथ पत्र (बिक्री अधिसूचना के प्रावधानानुसार),

(ग) वैयक्तिक पहचान प्रमाण (आइडेंटिटी प्रुफ) से संबंधित वांछित कागजात।

10. कर्तव्यस्थ पदाधिकारियों से भिन्न कोई भी व्यक्ति बन्दोवस्ती वाले हॉल में हॉल टिकट प्रस्तुत किये बिना प्रवेश नहीं कर सकता है। जिला के सहायक आयुक्त उत्पाद/अधीक्षक उत्पाद, जैसी भी स्थिति हो, वास्तविक आवेदक या उसकी अनुपस्थिति में उसके एक प्राधिकृत प्रतिनिधि को एक निःशुल्क हॉल टिकट निर्गत करेंगे।

11. दुकानों की बन्दोवस्ती के लिए लॉटरी निकालने के दो दिन पूर्व उस दुकान के योग्य व्यक्तियों के नामों की सूची प्रकाशित कर दी जायेगी।

12. किसी भी आवेदक की वैयक्तिक पहचान पत्र, पात्रता एवं उनके द्वारा समर्पित शपथ–पत्र के संबंध में दूसरे आवेदक द्वारा लिखित चुनौती/लॉटरी के पूर्व दी जा सकती है। आवेदक की पात्रता, शपथ–पत्र के संबंध में अनुज्ञप्ति पदाधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

13. (क) यदि कोई दुकान/दुकानों के समूह किसी कारण से बन्दोवस्त नहीं हो सके, तो समाहर्त्ता पुनः बिक्री अधिसूचना प्रकाशित करेंगे। परन्तु इसके लिए पन्द्रह दिन पूर्व बिक्री अधिसूचना प्रकाशित करने की बाध्यता नहीं रहेगी।

(ख) बन्दोवस्ती सर्वप्रथम वैसी दुकान/दुकानों के समूहों से प्रारम्भ की जायेगी, जिसका न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा कम होगी।

14 (क) बन्दोवस्ती के तुरन्त बाद बन्दोवस्तदार को वार्षिक अनुज्ञाशुल्क का बारहवां भाग अग्रिम अनुज्ञाशुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट/नकद जमा करना होगा।

बन्दोवस्तदार को वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस के बारहवें भाग के बराबर प्रतिभूति राशि नगद या बैंक ड्राफ्ट या बैंक गारंटी या जिले के समाहर्त्ता अथवा सहायक आयुक्त उत्पाद/अधीक्षक उत्पाद के पदनाम से बंधीकृत फिक्सड डिपोजिट (Scheduled Nationalised Bank का) या थातीकृत राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र के रूप में बन्दोवस्ती के तुरन्त बाद जमा करना होगा। बैंक गारंटी की मान्यता अवधि जून, 2016 रहेगी।

(ख) बन्दोवस्तदार/अनुज्ञप्तिधारी प्रत्येक माह की 1ली तारीख को वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस का 12वाँ भाग जिला के कोषागार में जमा करेगा। किसी कारणवश पहली तारीख तक अनुज्ञप्ति फीस जमा नहीं कर सकने की स्थिति में अनुज्ञाधारी संबंधित जिला के सहायक आयुक्त उत्पाद/अधीक्षक उत्पाद से कारण सहित समय के लिए अनुरोध कर सकता है परन्तु हर हाल में माह की 20वीं तारीख तक अनुज्ञप्ति फीस अवश्य जमा कर देगा। यदि 20वीं तारीख सार्वजनिक अवकाश का दिन हो तो अगले कार्य दिवस को जमा करेगा, अन्यथा अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जायेगी तथा जमा सम्पूर्ण प्रतिभूति राशि जप्त कर ली जायेगी तथा उक्त दुकान/दुकानों के समूह लॉटरी के क्रम संख्या दो के अभ्यर्थी के साथ

अथवा अभ्यर्थी संख्या–2 को दुकान लेने से इंकार करने पर अभ्यर्थी संख्या तीन के साथ बन्दोवस्त कर दी जायेगी।

(ग) खुदरा उत्पाद दुकानों की समूह में बन्दोवस्ती लेने वाले अनुज्ञाधारियों की, समूह के किसी दुकान की अनुज्ञप्ति की शर्तों के उल्लंधन के लिए उस दुकान की अनुज्ञप्ति के साथ–साथ समूह के अन्य दुकानों की अनुज्ञप्तियाँ भी बिहार उत्पाद अधिनियम की धारा 42(2) के अन्तर्गत नैसर्गिक न्याय सिद्धान्त का पालन करते हुए विखंडित कर समूह के सभी दुकानों की जमानत राशि एवं अग्रिम अनुज्ञाशुल्क जप्त कर ली जा सकेगी।

15.(क) जहाँ बन्दोवस्ती पूरे वर्ष के लिए होगी वहाँ अनुज्ञप्ति फीस कुल वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस का बारहवाँ भाग उपर्युक्त कंडिका (ख) के अनुसार जमा करेगा। परन्तु जहाँ बन्दोवस्ती साल के बीच में होगी वहाँ समानुपातिक मासिक अनुज्ञाशुल्क देय होगी।

(ख) किसी मदिरा की दुकानें सम्पूर्ण उत्पाद वर्ष के लिए बन्दोवस्त की जायेगी। अगर बन्दोवस्ती साल के बीच में होगी तो वैसी स्थिति में वह उत्पाद वर्ष की 31वीं मार्च तक प्रभावी रहेगी।

(ग) प्रतिभूति राशि तथा एक माह की अग्रिम अनुज्ञप्ति फीस के साथ–साथ जिस माह से अनुज्ञप्ति दी गयी है, उस माह की अनुज्ञप्ति फीस भी जमा करने के बाद बन्दोवस्तदार के पक्ष में अनुज्ञप्ति तुरन्त निर्गत कर दी जायेगी। अग्रिम अनुज्ञाशुल्क वर्ष की समाप्ति वाले माह में समायोजित होगी, इसके लिए अनुज्ञाधारी को आवेदन देना होगा परन्तु प्रतिभूति राशि अनुज्ञप्ति अवधि की समाप्ति के बाद, उसके बकाया राशि, अगर कुछ हो, की कटौती कर वापस की जायेगी।

(घ) स्थल का अनुमोदन होते ही स्थल का ब्योरा अनुज्ञप्ति में अंकित कर दिया जायेगा।

16.(क) कंडिका 15 (ग) के अनुसार अनुज्ञप्ति प्राप्त होते ही आपत्ति रहित स्थल उपलब्ध कराने की पूरी जबावदेही अनुज्ञाधारी की होगी। अनुज्ञाधारी बन्दोवस्ती के बाद दस दिनों के अन्दर, आपत्ति रहित प्रस्तावित दुकान परिसर के पूर्ण विवरण के साथ उसके अनुमोदन हेतु जिला के समाहर्त्ता को आवेदन देंगे। समाहर्त्ता द्वारा अनुमोदित स्थल पर ही दुकान खोली जायेगी। स्थल की स्वीकृति/अस्वीकृति का निर्णय आवेदन प्राप्ति के दस दिनों के अन्दर समाहर्त्ता द्वारा कर दिया जायेगा, अन्यथा अधीक्षक उत्पाद/सहायक आयुक्त उत्पाद तथा समाहर्त्ता संयुक्त रूप से राजस्व क्षति के लिए उत्तरदायी होंगे।

बन्दोवस्ती के सफल लॉटरी विजेता अनुज्ञप्ति स्थल के अनुमोदन हेतु समर्पित किये जाने वाले अपने आवेदन पत्र के साथ अनुज्ञप्ति स्थल के प्रवेश–द्वार एवं अंदर के भाग तथा उसके चौहदी में स्थित भूमि–भवन/खाली स्थानों का Still

Photograph, जिसमें मात्र उनकी भी उपस्थिति रहेगी, तीन प्रतियों में अधीक्षक उत्पाद/सहायक आयुक्त उत्पाद को प्रस्तुत करेंगे।

(ख) बन्दोवस्ती के सफल लॉटरी विजेता अनुज्ञप्ति निर्गत होने की तिथि से दो माह के अन्दर अपने स्थायी लेखा संख्या (PAN) के कार्ड की छायाप्रति अधीक्षक उत्पाद/सहायक आयुक्त उत्पाद को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।

(ग) ग्रामीण क्षेत्र के कम्पोजिट शराब की दुकानें शहरी क्षेत्र (नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत) की सीमा से कम से कम दो किलोमीटर की दूरी पर खोली जायेगी तथा प्रखंड मुख्यालय अवस्थित पंचायत की सीमा से कम से कम एक किलोमीटर की दूरी पर खोली जायेगी।

17. स्थल चयन के कारण दुकान खोलने में विलम्ब के लिए अनुज्ञप्तिधारी स्वयं जिम्मेवार होगा, तथा इसके लिए किसी प्रकार की छूट/क्षतिपूर्ति का वह हकदार नहीं होगा।

18. सरकार शराब पर देय उत्पाद कर में एवं राजस्व पर्षद लागत मूल्य में किसी भी समय परिवर्तन कर सकती है।

19.(क) बिक्री अधिसूचना में अंकित वार्षिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा का बारहवां भाग प्रत्येक माह में अनुज्ञाधारी को उठाना होगा। निर्धारित न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा के ऊपर किन्तु 15 प्रतिशत तक अधिक उठाव करने पर अनुज्ञप्ति फीस पर पूर्ण छुट होगी, परन्तु निर्धारित कोटा के 15 प्रतिशत से भी ऊपर उठाव करने पर देय प्रति एल0पी0एल0 अनुज्ञप्ति फीस की राशि का 50 प्रतिशत राशि का भुगतान अतिरिक्त अनुज्ञप्ति फीस के रूप में अग्रिम रूप से देय होगा। किसी माह का बचा हुआ कोटा अगले माह में उठाने पर इसे अतिरिक्त उठाव नहीं माना जायेगा, परन्तु माह मार्च का बचा हुआ कोटा माह अप्रैल में उठाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(ख) विदेशी शराब की खुदरा अनुज्ञप्ति के मामले में यदि कोई बन्दोवस्तदार अपनी अनुज्ञप्ति परिसर को "ऑन" बिक्री में परिवर्तित करना चाहेगा तो वह उस दुकान के वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस का दस प्रतिशत अधिक राशि देने की सहमति के साथ संबंधित जिला के सहायक आयुक्त उत्पाद/अधीक्षक उत्पाद को आवेदन देगा। उसके आवेदन पर विचार करते हुए उसे अपनी दुकान में "ऑन" बिक्री की अनुमति दी जायेगी लेकिन ऐसी स्थिति में उत्पाद नियम 47 के अन्तर्गत स्थल आपत्ति रहित होने पर ही यह सुविधा दी जा सकती है।

(ग) "ऑन" बिक्री के लिए उसी परिसर से सटा हुआ एक अलग कमरा/जगह जो "ऑफ" काउन्टर से अलग हो, रखना होगा तथा उसका पूर्ण विवरण तथा नक्शा का ब्लू प्रिंट तीन प्रतियों में समाहर्त्ता के अनुमोदनार्थ देना होगा। जो समाहर्त्ता से अनुमोदित होना अनिवार्य होगा।

(घ) समानुपातिक मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा प्रत्येक माह के अंतिम कार्य दिवस तक अनुज्ञाधारी को उठा लेना होगा।

(ड.) प्रत्येक प्रकार की मदिरा के बोतल/सैसे पर अधिकतम खुदरा मूल्य अंकित रहेगा तथा उससे अधिक मूल्य पर उपभोक्ता को नहीं बेचेगा।

20. अनुज्ञाधारी उठायी गयी सम्पूर्ण शराब की मात्रा अनुज्ञप्ति अवधि की समाप्ति के पूर्व तक बेचना सुनिश्चित करेगा।

21. मदिरा की अनापूर्त्ति की दशा, दुकान खुलने में विलम्ब, चुनाव के कारण दुकान की बंदी आदि की दशा में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति नहीं दी जायेगी और न ही अनुज्ञाशुल्क में छूट का कोई दावा स्वीकार किया जायेगा।

22.(क) अनुज्ञाधारी अपनी अनुज्ञप्ति परिसर के बाहर मुख्य दरवाजा पर लगी बोर्ड पर निम्नांकित सूचनायें स्पष्ट रूप से उल्लेखित करेगा–

(i) दुकान का नाम एवं अनुज्ञप्ति अवधि,

(ii) अनुज्ञाधारी का नाम

(iii) दुकान के अधिकृत विक्रेता का नाम

(iv) सभी श्रेणी के शराब का अधिकतम खुदरा मूल्य

(ख) बन्दोवस्तधारी अपने अनुज्ञप्ति परिसर के प्रवेश द्वार पर विभागीय पत्रांक 4085, दिनांक 31.12.2010 में निर्धारित मानक के अनुसार 3'×2.5' साईज का साईन बोर्ड लगायेंगे तथा उस पर निर्धारित भाषा एवं रंग में ही आवश्यक सूचना लिखवायेंगे।

(ग) बन्दोवस्तधारी अपने अनुज्ञप्ति परिसर अथवा उसके आस–पास किसी उत्तेजक चित्र एवं भाषा वाले पेंटिंग्स/बोर्ड का उपयोग न तो स्वयं करेंगे और न ही किसी अन्य को इसकी अनुमति देंगे।

(घ) बन्दोवस्तधारी, निगम के डीपो से पासबुक में प्रविष्टि कराकर ही मदिरा का निर्गमण लेंगे।

23.(क) बन्दोवस्तदार बिहार उत्पाद अधिनियम के प्रावधानों तथा उसके अन्तर्गत बने उन सभी नियमों का पालन करेगा जो राज्य सरकार/राजस्व पर्षद द्वारा बनाये गये हैं, या समय–समय पर बनाये जायेंगे। साथ ही, अनुज्ञप्तिधारी सक्षम पदाधिकारी से समय–समय पर जारी किये गये या किये जाने वाले सभी संबंधित आदेशों, निर्देशों एवं अनुदेशों का अनुपालन करेगा।

(ख) अनुज्ञप्ति परिसर में निरीक्षण के समय अनुज्ञाधारी निरीक्षी पदाधिकारी को सहयोग प्रदान करेगा। स्टॉक पंजी प्रत्येक दिन का अद्यतन लिखना आवश्यक होगा। अनुज्ञप्ति परिसर में अनुज्ञप्ति भी रखना होगा तथा मांगने पर सभी अभिलेख प्रदर्शित करना होगा।

24. राज्य सरकार अपनी बन्दोवस्ती नीति में किसी भी समय परिवर्तन करने का अपना अधिकार सुरक्षित रखती है।

25. इस बिक्री अधिसूचना की शर्त्त अनुज्ञप्ति की शर्त्त भी मानी जायेगी तथा इसके उल्लंधन के लिए उत्पाद अधिनियम की धारा 42 एवं अन्य संगत प्रावधानों के अन्तर्गत अनुज्ञप्तिधारी के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी।

18/02/15

समाहर्त्ता,
समस्तीपुर।

समाहरणालय का नाम :– समस्तीपुर
दिनांक : 18/02/2015

ज्ञाप संख्या.....180...../उ0 समस्तीपुर, दिनांक.....18/02/15

प्रतिलिपि :– आयुक्त उत्पाद, बिहार, पटना/संयुक्त आयुक्त उत्पाद, बिहार, पटना / आयुक्त उत्पाद के सचिव, बिहार, पटना / सभी उपायुक्त उत्पाद आसवनगृह एवं भंडागार सहित/सभी सहायक आयुक्त उत्पाद/सभी अधीक्षक उत्पाद/पुलिस अधीक्षक, समस्तीपुर/सभी अनुमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर तथा सभी अंचलाधिकारी/अध्यक्ष, जिला परिषद, समस्तीपुर/ अध्यक्ष, नगर परिषद, समस्तीपुर/रोसड़ा–दलसिंहसराय, नगर पंचायत, सभी निरीक्षक उत्पाद/सभी अंचल अवर निरीक्षक, उत्पाद चलिष्णुदल एवं मद्य भंण्डागार सहित को सूचनार्थ एवं विस्तृत प्रयारार्थ प्रेषित। आवेदन एवं दुकानों की बन्दोवस्ती समूहवार सूची के अनुसार की जायेगी। इसकी एक प्रति समाहरणालय सूचना पट्ट तथा एक प्रति अधीक्षक उत्पाद, समस्तीपुर के कार्यालय सूचना पट्ट पर आम जानकारी के लिए चिपका दी जाए।

बन्दोवस्ती में भाग लेने के लिए इच्छुक व्यक्ति से **3.00 रू0 कोर्ट फी स्टाम्प** पर प्रत्येक दुकान समूह के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र आवेदन शुल्क **बैंक ड्राफ्ट** द्वारा जो **अधीक्षक उत्पाद, समस्तीपुर** के पदनाम से **भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, समस्तीपुर** में भुगतेय हो तथा हाल के अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज फोटो एवं अन्य वाछित कागजातों के साथ **दिनांक 09.03.2015** के **संध्या 05.00 बजे तक** अधीक्षक उत्पाद, सदर समस्तीपुर कार्यालय में प्राप्त किया जाएगा।

18/02/15

समाहर्त्ता
समस्तीपुर।

**समस्तीपुर (वर्ष 2015–16)**

# बन्दोवस्त होने वाले उत्पाद दूकानों की समूहवार सूची

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब / म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 1 | देशी–1 | समस्तीपुर–1 (न0 प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–12 | कुसैया<br>शेखोपुर<br>हाँसा | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–14 | रायपुर<br>पुरनाही<br>लखनपट्टी | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |
| 2 | देशी–2 | समस्तीपुर–2 (न0 प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–13 | सतमलपुर<br>छतनेश्वर | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–26 | कानु विशनपुर<br>खैरी | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |
| 3 | देशी–3 | समस्तीपुर–3 (न0 प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–6 | लगुनिया सूर्यकंठ<br>लगुनिया रघुकंठ | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–8 | मोरदीवा<br>केवस निजामत<br>छतौना | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब / म0देशी L.P.L. में | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 4 | देशी–4 | समस्तीपुर–4 (मोहनपुर रोड) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–49 | तेतारपुर<br>करीमनगर<br>मोहउद्दीननगर दक्षिण | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–50 | मोहउद्दीननगर उत्तर<br>हरैल<br>कुरसाहा | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |
| 5 | देशी–5 | समस्तीपुर–5 (मोहनपुर) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–91 | भागतवतपुर<br>नौआचक<br>हरपुर बरहेता | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–103 | अंगार<br>चैता उत्तरी<br>चैता दक्षिणी | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2200** | **2970** | **7600** | **1043700.00** | **8000.00** | |
| 6 | देशी–6 | समस्तीपुर–6 (मथुरापुर–अकबरपुर) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | |
| | देशी–21 | खानपुर (प्र0 मु0) | | | | 2750 | 247500.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–25 | वासुदेवपुर<br>गोविन्दपुर खजुरिया | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **1100** | **1485** | **9050** | **994350.00** | **9000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब / म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 7 | देशी–7 | समस्तीपुर–7 (धर्मपुर–पूसा रोड) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–7 | विशनपुर<br>हकिमाबाद | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–10 | डरसूर<br>वसंतपुर रमणी | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |
| 8 | देशी–8 | समस्तीपुर–8 (दुधपुरा–ताजपुर रोड) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 5000 | 450000.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–3 | शम्भूपट्टी<br>नीरपुर<br>कर्पूरीग्राम | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–107 | आधारपुर<br>बाघी<br>फतेहपुरवाला | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **7600** | **1073700.00** | **8000.00** | |
| 9 | देशी–9 | रोसड़ा–1 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 3600 | 324000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–30 | नत्थुद्वार<br>सिवैसिंगपुर<br>विशनपुर आमी | | 950 | 1485 | 1300 | 274350.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–81 | नरहन<br>महंथी द0 | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2250** | **2970** | **6200** | **925200.00** | **7000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब/ म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| **10** | देशी–10 | रोसड़ा–2 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 3600 | 324000.00 | 3000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | देशी–11 | रोसड़ा–3 (न0 पं0) | | | | 3600 | 324000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–56 | भिरहा दक्षिण<br>मो0नगर पूरब<br>नयानगर | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **1100** | **1485** | **8500** | **944850.00** | **8000.00** | |
| **11** | देशी–12 | रोसड़ा–4 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 3600 | 324000.00 | 3000.00 | |
| | देशी–13 | रोसड़ा–5 (न0 पं0) | | | | 3600 | 324000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–62 | देवधा<br>दुधपुरा<br>फुलहारा, मंगलगढ़ | | 1500 | 1485 | 1300 | 356850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **1500** | **1485** | **8500** | **1004850.00** | **8000.00** | |
| **12** | देशी–14 | दलसिंहसराय–1 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 4000 | 360000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–38 | हरिशंकरपुर<br>केवटा<br>नगरगामा | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–97 | चाँदचौर पंश्चिमी<br>परोरिया | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **6600** | **983700.00** | **7000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब/ म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| **13** | देशी–15 | दलसिंहसराय–2 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 4000 | 360000.00 | 3000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–95 | गॉवपुर, मालती, बेलारी | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–96 | पतैली पूर्वी, पतैली पश्चिमी, हरपुर रेवाड़ी | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **6600** | **983700.00** | **7000.00** | |
| **14** | देशी–16 | दलसिंहसराय–3 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 4000 | 360000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–85 | दहियार रन्ना, परसा | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–87 | रहियार उतर, रहियार दक्षिण, धर्मपुर जाखड़ | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2200** | **2970** | **6600** | **953700.00** | **7000.00** | |
| **15** | देशी–17 | दलसिंहसराय–4 (न0 पं0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | | | 4000 | 360000.00 | 3000.00 | |
| | कम्पोजिट–41 | मालपुर, बुलाकीपुर | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–98 | बेलामेघ, बैकुण्ठपुर ब्रहण्डा, मुख्तियारपुर सलखनी | | 1300 | 1485 | 1300 | 326850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **2400** | **2970** | **6600** | **983700.00** | **7000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब / म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| **16** | विदेशी–1 | समस्तीपुर–1 (सोनवर्षा चौक) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–99 | चॉदचौर करिहारा<br>भगवानपुर कमला<br>सातनपुर | | 1800 | 1485 | 1300 | 401850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **4200** | **8503** | **1300** | **832030.00** | **6000.00** | |
| **17** | विदेशी–2 | समस्तीपुर–2 (न0प0) (मोहनपुर रोड) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–75 | खास टभका<br>खास टभका द0<br>चोरा टभका | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |
| **18** | विदेशी–3 | समस्तीपुर–3 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–40 | बषढ़िया<br>कॅमरान | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–113 | डुमरी उत्तरी<br>डुमरी दक्षिण | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **4600** | **9988** | **2600** | **1023880.00** | **8000.00** | |
| **19** | विदेशी–4 | समस्तीपुर–4 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–37 | सुलतानपुर घटहो<br>चकवहाउद्दीन | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |
| **20** | विदेशी–5 | समस्तीपुर–5 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–5 | हरपुर एलौथ<br>बेझाडीह | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी शराब L.P.L. में | वीयर B.L. में | देशी शराब/म0देशी L.P.L. में | | | |
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* | *6* | *7* | *8* | *9* | *10* |
| 21 | विदेशी–6 | समस्तीपुर–6 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | एक समूह के दुकानों का समान तरह के शराब का कोटा उसी समूह के किसी भी दुकान पर उठाया जा सकता है। |
| | कम्पोजिट–4 | विक्रमपुर बान्दे<br>रहीमपुर रूदौली | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | कम्पोजिट–88 | गंगापुर<br>लाटवसेपुरा | | 950 | 1485 | 1300 | 274350.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **4450** | **9988** | **2600** | **1001380.00** | **8000.00** | |
| 22 | विदेशी–7 | समस्तीपुर–7 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–33 | ठहरा<br>मोरसंड | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |
| 23 | विदेशी–8 | समस्तीपुर–8 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–18 | मघुरापुर<br>जितवरिया | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |
| 24 | विदेशी–9 | समस्तीपुर–9 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–11 | रामपुर किसुन<br>मोहिउद्दीनपुर | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |
| 25 | विदेशी–10 | समस्तीपुर–10 (न0प0) | अपने निर्धारित क्षेत्र में। | 2400 | 7018 | | 430180.00 | 4000.00 | |
| | कम्पोजिट–31 | शादीपुर<br>हसनपुर | | 1100 | 1485 | 1300 | 296850.00 | 2000.00 | |
| | | **समूह योग** | | **3500** | **8503** | **1300** | **727030.00** | **6000.00** | |

| समूह क्रमांक | दूकानों का प्रकार एवं क्रमांक | दूकान का नाम | अवस्थिति | निर्धारित मासिक न्यूनतम प्रत्याभूत मात्रा | | | मासिक अनुज्ञा शुल्क (रूपयें में) | आवेदन शुल्क (रूपयें में) | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
